प्रेस-विज्ञप्ति **30.09.2021**

ताइवान से पधारे व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल (श्री जैसन लिन - डिप्टी डायरेक्टर एवं श्री सफी अख्तर-प्रोजेक्ट मैनेजर) की मर्चेंट्स चेम्बर की एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट कमिटी के सलाहकार-श्री आर.के. जालान, चैयरमैन- श्री शशांक अग्रवाल, चेम्बर के अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया तथा मर्चेंट्स चेम्बर के सदस्य श्री कपिल भाटिया, श्री गुलशन धूपर, मिर्ज़ा इंटरनेशनल, सुपर हाउस लिमिटेड, सिनटंस एंड कॉलिड्स, रिमझिम इस्पात लिमिटेड, कानपुर प्लास्टीपैक लिमिटेड व वेद सारसोमेसीनिका के प्रतिनधियों के साथ ओरिएंट रिसोर्ट में भारत-ताइवान के व्यापारिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने हेतु एक बैठक हुयी।

इस बैठक में उद्योगपतियों ने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि किस तरह से भारत और ताइवान के बीच होने वाले व्यापार को बढ़ावा दिया जाये तथा दोने देशो में बीच निवेश के अवसर तलाशने पर भी गहन मंथन हुआ।

श्री शशांक अग्रवाल ने ताइवान का वीजा न मिलने की समस्या की बात उठाई तो ताइवान के प्रतिनिधिमंडल ने कहा यह वर्तमान समय में कोविड महामारी को देखते हुए यह कदम उठाया गया है परन्तु जैसे ही कोविड की समस्या खत्म हो जायेगी, वीजा सम्बंधित समस्या समाप्त हो जाएगी। उद्योगपतियों ने मशीनरी, अन्य रा-मटेरियल, आदि के बारे में पूछताछ की तथा आगे की जानकारी के लिए संवाद चैनल, चैम्बर के माध्यम से स्थापित करने पर सहमति दी।

बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल को कानपुर के प्रमुख उद्योग AFPL Global की विजिट कराई गयी।

श्री आर.के. जालान ने ताइवान से कानपुर में निवेश की संभावनाओं पर विचार करने के लिए कहा।

उम्मीद है कि इस गोष्ठी के पश्चात भविष्य में दोनों देशो के बीच व्यापारिक लेन-देन में बढ़ोत्तरी होगी।

गोष्ठी का संचालन चेम्बर के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी ने किया।